कार्यालय प्राचार्य

बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

Website – www.bcspgcdmt.co.in

E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com

AISHE CODE: C-21763

दूरभाष– 07722–238933

फैक्स – 07722–237933


दिनांक 26 / 07 / 2019

## :: IQAC बैठक ::

आज दिनांक 26.07.2019 को IQAC समन्वयक की अध्यक्षता में IQAC सदस्यों की बैठक दोपहर 12.00 बजे बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे।

| क. | IQAC सदस्यों का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 01. | श्री के.के.ध्रुव (Administrative Representative) | |
| 02. | प्रो. अनिता राजपुरिया (Teachers Representative) | |
| 03. | प्रो. प्रभा वेरूलकर(Teachers Representative) | |
| 04. | डॉ. ए.के.सिंह(Teachers Representative) | |
| 05. | श्री पी.सी. चौधरी(Teachers Representative) | |
| 06. | डॉ. तामेश्वरी साहू (Teachers Representative) | |
| 07. | श्री अमित कुमार साहू (Teachers Representative) | |
| 08. | श्री विकांत शर्मा (Local Society Representative) | |
| 09. | श्री विजय साहू (Management Representative) | |
| 10. | श्री राहुल शर्मा (Student Representative) | Rahul |
| 11. | श्री शरद चौबे (Alumni Representative) | |
| 12. | श्री ललित लुंकड (Stack Holders Representative) | |

(डॉ.(श्रीमती) मनदीप खालसा)
IQAC समन्वयक
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

(डॉ.चन्द्रशेखर चौबे)
प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

## IQAC समिति
## बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

# ॥ IQAC बैठक कार्यवाही विवरण ॥
## दिनांक 26.07.2019

| Agenda | Resolution |
|---|---|
| 01. पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण। | IQAC द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में लिखित सूचना समस्त विभाग के प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं एवं कैन्टिन संचालकों को देने का निर्णय लिया गया |
| 02. शैक्षिणेत्तर गतिविधियों का आयोजन। | IQAC द्वारा महाविद्यालय में शैक्षिणेत्तर गतिविधि को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया। इस हेतु IQAC समन्वयक द्वारा सभी विभागाध्यक्ष की संयुक्त बैठक लेकर सभी विभागों में शैक्षिणेत्तर गतिविधि सम्पादित करने की कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया। |
| 03. महाविद्यालय स्टॉफ के मध्य सौहार्द पूर्ण वातावरण निर्माण। | IQAC द्वारा महाविद्यालय में सौहार्द पूर्ण पारिवारिक वातावरण निर्मित एवं संपोषित करने हेतु महाविद्यालय परिवार के सदस्यों का जन्म दिवस, बिदाई समारोह, पारिवारिक शोक संवेदना सभा आयोजन करने का निर्णय लिया गया। |
| 04. महाविद्यालय के नव प्राध्यापकों को उन्मुखीकरण एवं पुनश्चर्या कोर्स हेतु प्रेरित करना। | नव नियुक्त सहायक प्राध्यापकों को उन्मुखीकरण, पुनश्चर्या कार्यक्रम एवं शोध गतिविधियों के लिए IQAC द्वारा प्रेरित किया गया। |
| 05. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा। | सत्र 2018-19 के IQAC गतिविधियों एवं कार्य निष्पादन पर चर्चा की गई तथा वर्तमान सत्र में बेहतर निष्पाद का संकल्प लिया गया। |

# IQAC समिति
# बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## ॥ कार्य निष्पादन रिपोर्ट ॥
## दिनांक 26.07.2019

| Agenda | Action Taken Report |
|---|---|
| 01. पर्यावरण जागरूकता एवं स्वच्छता पर कार्य योजना। | • IQAC के निर्देशन पर दिनांक 01 से 15 अगस्त 2019 तक महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया, जिसके तहत एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. वालेंटियर्स छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों को शपथ दिलाई। महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवधि में स्वच्छता रैली, सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई एवं गोद ग्राम-पोटियाडीह एवं तेलीनसत्ती में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया।<br>• दिनांक 03.09.2019 को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध का निर्णय लिया गया। इस संबंध में लिखित सूचना एवं पत्र द्वारा समस्त विभाग के प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं एवं कैन्टिन संचालकों को एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रबंधित किया गया।<br>• दिनांक 28.08.2019 को सद्भावना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्टॉफ गया वृक्षारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।<br>• दिनांक 14.09.2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता रैली पंचवटी कॉलोनी एवं ग्रामीण बस्ती में निकाली गई एवं प्लास्टिक कचरा से मुक्ति हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया।<br>• दिनांक 28.09.2019 को जल संरक्षण पर व्याख्यान का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। |
| 02. शैक्षिणेत्तर गतिविधियों का आयोजन। | महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में शैक्षिणेत्तर गतिविधियों का आयोजन किया गया:-<br>• हिन्दी विभाग द्वारा दिनांक 31.07.2019 को मुंशी प्रेमचंद जी की जयंती मनाई गई जिसमें कथा सम्राट के व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर परिचर्चा आयोजित की ।<br>• 07.08.2019 को तुलसी दास जी की जयंती मनाई गई, जिसमें मुख्य अतिथि थे, धमतरी जिला के कलेक्टर श्री रजत बंसल, लघुकथाकार डॉ.शैल चद्रां, हास्य व्यंगकार श्री वीरेन्द्र सरल कार्यक्रम के माध्यम से हिन्दी विषय को जीवंत बनाये रखने एवं छात्र-छात्राओं में हिन्दी कि प्रति अभिरूचि जागृत करने की पहल की गयी।<br>• महाविद्यालय में विभिन्न विभागों में शिक्षक दिवस आयोजित किया गया। रोटरी एवं इनरव्हील क्लब द्वारा महाविद्यालय के शिक्षकों के सम्मान में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया।<br>• विभिन्न विभागों में नवागंतुक छात्र-छात्राओं के स्वागत् करने हेतु सीनियर छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत् समारोह का आयोजन किया गया। |
| 03. महाविद्यालय स्टॉफ के मध्य सौहार्द पूर्ण वातावरण निर्माण। | शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ के मध्य सौहार्द पूर्ण वातावरण के निर्माण करने एवं अंतर व्यक्तित्व संबंध को बढ़ावा देने के लिए स्टॉफ क्लब में संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किये :-<br>• दिनांक 26.06.2019 डॉ. तामेश्वरी साहू के विवाह के उपलक्ष्य में आर्शीवाद समारोह आयोजित की गई। |
| 04. महाविद्यालय के नव प्राध्यापकों को उन्मुखीकरण एवं पुनश्चर्या कोर्स हेतु प्रेरित करना। | IQAC द्वारा की प्रेरणा से महाविद्यालय के 02 प्राध्यापकों ने पुनश्चर्या कार्यक्रम, 02 प्राध्यापक ने पी.डी.पी. एवं 01 प्राध्यापक द्वारा यू.जी.सी. द्वारा Student Induction Programme में प्रशिक्षण प्राप्त किया। |